# शिवरात्रि का सन्देश

सारे विश्व के मेरे प्रिय दैवी भाईयों और बहनों,

आओ, मेरे साथ 77 वीं त्रिमूर्ति शिव जयन्ती का शुभ पर्व मनाओ। परम परोपकारी, हम सब आत्माओं के मात-पिता, भगवान शिव इतने वर्षों से और बहुत ही गुप्त एवं शान्त रीति से विश्व परितर्वन का परम कर्त्तव्य कर रहे हैं।

शिव की पूजा पूरे विश्व में की जाती है और सभी शिवरात्रि मनाते हैं। शिवरात्रि सो त्रिमूर्ति शिव जयन्ती सो शिव का दिव्य जन्मदिन है। भल लोग शिव के निराकार स्वरूप को याद करते है लेकिन यथार्थ रूप से उनको जानते नहीं है। शिव कौन हैं? वे क्या करते हैं? क्या हम उस दिव्य सत्ता का सम्पूर्ण अनुभव कर सकते हैं? क्या भक्त और सत्य की खोज करने वाले लोग उस परम सत्ता के साथ बरोबर सम्पर्क जोड़ पाते हैं? क्या उन्हें अपनी प्रार्थना और सच्ची याद का जवाब मिलता है?

एक शिव ही हैं जिनका जन्म विशेष रूप से होता है। वे दो कल्पों के सन्धिकाल के समय सो कल्याणकारी संगम युग में अवतरित होते हैं। एक निराकार परमात्मा ही हैं जो विश्व को पावन बनाते हैं। क्योंकि वे ही कल्पवृक्ष के बीजरूप हैं। उनमें ही रचना के आदि-मध्य और अन्त का ज्ञान है। उन्होने ही प्रजापिता ब्रह्मा के भौतिक तन में प्रवेश कर सबसे लम्बे ज्ञान यज्ञ सो ब्रह्माकुमारीज़ आध्यात्मिक संस्था, माऊण्ट आबू की स्थापना की है। यह संस्था अब पूरे विश्व भर में फैल चुकी है।

भगवान शिव नि:स्वार्थ स्नेह, समझ, भाग्य और वरदानों के दाता हैं। वे दु:ख और असत्य से मुक्ति प्रदान करते हैं। वे ही आत्माओं का आह्वान करते हैं – याद करो कि तुम कौन हो? याद करो कि आत्मा, परमात्मा और सृष्टिचक्र के बीच यह एक जबरदस्त खेल चल रहा है। इस खेल में जिन विकारों के विष ने तुम मनुष्य आत्माओं और पाँच तत्वों को तमोप्रधान बनाया है उन विकारों का तुम दान कर दो। भगवान स्वयं कहते हैं कि तुम अपने इस जीवन को समर्थ और निर्मल जीवन में बदल दो। इसके लिए मैं तुम्हारी सेवा में हाज़िर हूँ। तुम ज्ञान को धारण करो और अपने समय और संकल्प को विश्व कल्याण के प्रति लगाओ।

शिव भगवान सर्व के प्यारे हैं और दयालु हैं। उनके साथ सम्बन्धों का सुख और भरपूरता की अनुभूति करने का समय अभी ही है। उनका साथ और मार्गदर्शन मिलने से हमें इस हलचल वाली दुनिया में रहते भी सत्य और अचल, निर्भय और सफल रहने की शक्ति मिलती है। यही मौका है स्वयं को शिवशक्ति और शिव का वारिस अनुभव करने का। इस मौके का पूरा लाभ ले लो।

सर्व को शक्तिशाली महा शिव जयन्ती की हार्दिक बधाईयाँ!

रूहानी सेवा में,

बी.के. जानकी